उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : 1253/2021 दिनांक/Date : 04-01-2020

।। प्रेस नोट।।

विषय :– 10 जनवरी, 2021 को आयोजित 02 लिखित परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र जारी किया जाना।

आयोग द्वारा दिनांक 10 जनवरी, 2021 को 02 लिखित परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम पाली में प्रातः 10–12 बजे के मध्य कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिकी) की पुर्नपरीक्षा होगी। राज्य के ऊर्जा निगमों में 252 पदों पर परीक्षा आयोग के निर्णय के उपरान्त दुबारा आयोजित की जा रही है। शाम 2–4 बजे की पाली में आबकारी सिपाही एवं प्रवर्तन सिपाही के कुल 127 पदों के लिए संयुक्त लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

ये दोनों परीक्षायें देहरादून व हल्द्वानी के परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न होंगी। इन परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र आयोग की वैबसाईट में प्रकाशित किये जा रहे हैं। अभ्यर्थी आज दिनांक 04 जनवरी, 2020 को सांय काल से अपने प्रवेश पत्र आयोग की वैबसाईट www.sssc.uk.gov.in पर जाकर डाउनलोड व प्रिंट कर सकते हैं।

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिकी) पद के लिए कुल 8148 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं। इन अभ्यर्थियों के द्वारा पूर्व परीक्षा दिनाक 05–11–2017 में प्रतिभाग किया गया था। आबकारी एवं प्रवर्तन सिपाही के पद पर कुल 14252 अभ्यर्थियो के प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं, जिन्होंने शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण की है।

जहां किसी मामले में एक अभ्यर्थी दोनों परीक्षाओं में प्रतिभाग कर रहा है और त्रुटिवश उसका दोनों परीक्षा केन्द्रों का शहर अलग–अलग हो गया है, वह तत्काल आयोग की email ID-chayanayaog@gmail.com पर सूचित करें, जिससे उनके केन्द्र परिवर्तन की व्यवस्था की जा सके। अन्य स्थितियों में परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं होगा। अभ्यर्थी ऐसी किसी वस्तु या सामग्री को परीक्षा केन्द्र पर न लायें जो उनके लिए कठिनाई बन सकती है। ये ऑफलाइन परीक्षा है व पेन भी आयोग की ओर से दिया जायेगा। कृपया परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित अवधि में रिपोर्ट करें अन्यथा परीक्षा से वंचित होना पड़ सकता है।

4/1/2021
(संतोष बडोनी)
सचिव

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता
ज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या०): 0135-2669658, फैक्सः 0135-2672902, वैबसाईटः www.sssc.uk.gov.in, ईमेलः chayanayog@gmail.com